# RAEBARELI POLICE

**दिनांक 02 मई 2025** **थाना कोतवाली नगर**

## थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया-

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-** दिनांक 25.04.2025 को वादी अवधेश कुमार सिंह ने थाना कोतवाली नगर पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दिनांक 23/24.04.2025 की रात्रि को उसके घर **(थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत प्रताप नगर बैरहाना)** में सामान इधर उधर फैला हुआ है व देखा कि वादी व उसके भाई के बक्सों में रखा कीमती सोने चांदी का सामान **(कीमत लगभग 25-30 लाख रुपये)** गायब है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर **मु0अ0सं0-186/2025 धारा-331(1)/305 बीएनएस** अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रथम दृष्ट्या घर के सदस्य द्वारा ही चोरी करना पाया जा रहा था।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 02 मई 2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा फॉरेन्सिक टीम की सहायता से साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत **मु0अ0सं0-186/2025 धारा-331(1)/305/317(2) बीएनएस** में वांछित/प्रकाश में आयी **वादी की पत्नी** अभियुक्ता **संध्या सिंह पत्नी अवधेश सिंह निवासिनी प्रताप नगर बैरहाना थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली** को थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### नाम पता अभियुक्ता:-

संध्या सिंह पत्नी अवधेश सिंह निवासिनी प्रताप नगर बैरहाना थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली

### बरामदगी:-

| | | |
|---|---|---|
| 04 अदद सोने के कंगन | 02 अदद कुंडल सोने की | 01 अदद मछली चांदी की |
| 04 अदद सोने की अंगूठी | 01 अदद मंगलसूत्र सोने का | 04 अदद पान का पत्ता चांदी की |
| 01 अदद गले का हार सोने का | 01 अदद प्लेट चांदी की | 01 अदद पेटी चादी की |
| 01 अदद लाकेट सोने की | 04 अदद नारियल कटोरी चांदी की | 05 अदद सुपाडी चांदी की |
| 03 अदद चेन सोने की | 01 अदद पाजेब चांदी की | 01 अदद थैला ब्राउन रंग |

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली।
2. उ0नि0 अखिल तोमर थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली।
3. म0उ0नि0 निशू चपराना थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली।
4. आ0 हरेन्द्र गंगवार थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली।
5. म0आ0 जया शर्मा थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली।

**मीडिया सेल रायबरेली**